# घर में सोलर पैनल लगाकर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठावें

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया किस प्रकार से हम सब अपने घरो में सोलर पैनल लगाकर इस योजना का लाभ ले सकते है। सोलर पैनल के माध्यम से घरों में आने वाले प्रतिमाह बिजली बिल को हाफ किया जा सकता है। इसके लिए सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान किया जा रहा है। जैसे 1 किलो वाट में केन्द्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार एवं 2 किलो वाट में केन्द्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार तथा 3 किलो वाट में केन्द्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार तक का सब्सिडी दिया जाता है। निगम के अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा ने बताया कि मैने अपने घर पर सोलर पैनल लगवाया है, पहले प्रतिमाह मेरे घर का बिजली बिल 4 हजार तक आता था, अब सोलर पैनल लगाने पर 2 हजार से भी कम आ रहा है। इसके लगने से मुझे आर्थिक लाभ मिल रहा है, साथ ही पर्यावरण के अनुकुल कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि यह शासन की बहुत महत्वकांक्षी योजना है, सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने घर में लगाकर इसकी शुरूवात करनी चाहिए। भिलाई निगम का भी प्रयास होगा कि शासकीय कार्यालयों में भी सोलर पैनल लगवाकर बिजली बिल में कमी की जावे। निगम भिलाई के निवासियो, जनप्रतिनिधियो, वार्ड पार्षद, हाउसिंग सोसायटी, कालोनियों आदि में जाकर इसका व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जावे। जिससे शासन के इस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले सकें।

